KUNDAN
MINERALS & METALS

Date: 01.06.2025

| To, | To, |
|---|---|
| Manager (CRD)<br>BSE Limited<br>Phiroze Jeejeebhoy Towers,<br>Dalal Street, Mumbai – 400001 | The Manager<br>National Stock Exchange of India Limited<br>Exchange Plaza, Bandra – Kurla Complex,<br>Bandra (East), Mumbai – 400 051 |
| **Scrip Code: 507528** | **SYMBOL: KUNDANMM** |

Dear Sir/Madam,

**Newspaper publication of Audited Financial Results for the quarter and year ended on March 31, 2025.**

Dear Sir/Madam,

Please find enclosed herewith copy of Newspaper Publication of Audited Financial Results of the Company for the quarter and financial year ended on March 31, 2025, published on 1st June, 2025 in the following newspaper.

1.Sanmarg

2.Morning India

Kindly place the same on your record.

**For Kundan Minerals and Metals Limited**

SONICA VERMA
Digitally signed by SONICA VERMA
Date: 2025.06.01 11:19:09 +05'30'

**Sonica Verma**

**Company Secretary & Compliance Officer**

## गंगा में डूबने से दो युवक की मौत, शव बरामद

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** दानापुर के गौरैया स्थान के पास गंगा में डूबने से दो युवक की मौत हो गई। मृतकों की पहचान नागा टोला निवासी रौशन कुमार (21), विकास (20) के रूप में हुई है। घटना मनेर थाना इलाके का है। शुक्रवार को नहाने के दौरान डूबे थे। शनिवार की सुबह गोताखोरों ने दोनों के शव को बाहर निकाला। बताया जा रहा है कि दोनों होमगार्ड, आर्मी और बिहार पुलिस की भर्ती की तैयारी करते थे। दोनों युवक हर दिन प्रैक्टिस के बाद नदी में स्नान करते थे। शुक्रवार को भी रौशन, विकास, दीपू और प्रिंस नदी में नहा रहे थे। इस दौरान रौशन डूबने लगा। उसे बचाने के लिए विकास, दीपू और प्रिंस आगे बढ़े। इस दौरान चारों डूबने लगे। वहां मौजूद स्थानीय लोगों ने नदी में कूदकर दीपू और प्रिंस को बचा लिया। लेकिन, रौशन और विकास लापता हो गए। स्थानीय गोताखोरों ने लगातार तलाश की। शनिवार की सुबह दोनों के शव बरामद कर लिए गए।

## दो युवकों को मारी गयी गोली, एक की मौत

**फतुहा/संवाददाता।** शुक्रवार की देर रात अपराधियों ने दो युवकों को गोली मार दी। जिससे एक युवक की घटना स्थल पर ही मौत कनपटी में लगने से हो गयी। वहीं दूसरा युवक घायल हो गया। घटना बांकीपुर से मुड़ेरा जाने वाली अलंग पर हुई। मृतक की पहचान 30 वर्षीय हरि ओम कुमार के रूप में हुई है, जबकि घायल युवक 28 वर्षीय रवि कुमार है। दोनों पुनपुन के बताए जा रहे हैं। मिली जानकारी के मुताबिक शनिवार की सुबह ग्रामीण जब टहलने निकले तब देखा कि दो युवक जमीन पर गिरा हुआ है। जब जा कर देखा तब पायली एक मृत आस्था में पड़ा है तो दूसरा घायल अवस्था में । घटना की खबर गांव में फैल गई जिसके बाद भीड़ जमा हो गई और घटना की सूचना फतुहा थाना को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर घायल को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले गई वही मृत युवक के शव को कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले को ले कर फतुहा थाना अध्यक्ष रूपक कुमार अंबुज ने बताया कि घटना के बाद पुलिस मामले को ले कर छानबीन में जुट गई है। पोस्टमार्ट के बाद युवक का शव परिजनों को सौंप दिया गया।

## आईजीआईएमएस टीओपी प्रभारी ने चंद घंटों में मोबाइल चोर को पकड़ा

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** आईजीआईएमएस में मोबाइल चोर सक्रिय हो गये हैं। आये दिन मरीज एवं उनके परिजनों के मोबाइल पर हाथ साफ करते हैं। शनिवार को भी चोरों ने तीन व्यक्तियों के मोबाइल की चोरी कर ली और फरार हो गये। पीड़ित व्यक्तियों ने मोबाइल चोरी की शिकायत आईजीआईएमएस टीओपी पुलिस से की। इसके बाद टीओपी प्रभारी कपिलेश्वर पासवान खुद चोर को पकड़ने और मोबाइल की बरामदगी में जुट गये। महज चंद घंटों में ही चोर को धर दबोचा। पकड़े गये चोर के पास से चोरी किये गये तीनों मोबाइल को बरामद कर लिया। महज चंद घंटों में मोबाइल बरामद होने से पीड़ित सभी व्यक्ति खुश हैं। पुलिस की सक्रियता और कार्यशैली की प्रशंसा की है। गिरफ्तार चोर समनपुरा का रहने वाला है। पुलिस पूछताछ में जुटी है।

## स्वर्ण कलश स्थापना समारोह प्रारम्भ

**पटना/का.सं।** कमलदह स्थित दिगम्बर जैन मंदिर के शिखर पर स्वर्ण कलश एवं स्वर्ण ध्वज स्थापना का दो दिवसीय समारोह पूरे भक्ति एवं श्रद्धा से आज आरम्भ हुआ। मौके पर मानद मंत्री पराग जैन ने बताया कि मंदिर का शिखर पहले बन चुका था लेकिन शिखर पर कलशारोहण एवं ध्वजा रोहण नहीं हो पाया था। शनिवार को जैन मुनि विशल्य सागर जी के सानिध्य में यह कार्यक्रम किया जा रहा है। इस पूरे आयोजन को सम्पन्न करा रहे हैं।

## अब हर खरीद में होगा 'ठाठ' का अंदाज

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म फ्लिपकार्ट का शॉप्सी सेल 30 मई से 8 जून तक चलेगी और भारत की सबसे बड़ी व बहुप्रतीक्षित एंड ऑफ सीजन सेल्स में से एक होगी, जिसमें विक्रेताओं की ओर से ग्राहकों को शानदार ऑफर्स दिए जाएंगे। इस सेल में 99 रुपये से शुरू हो रही शॉप्सी की फैशन सेल - अब हर खरीद में होगा 'ठाठ' का अंदाज होगा। ग्राहकों को 1 करोड़ से अधिक लेटेस्ट स्टाइल, रोजाना क्लियरेंस डील्स में 50 प्रतिशत तक की छूट और नई फैशन थीम्स के साथ शॉपिंग का नया अनुभव मिलेगा। शॉप्सी की एंड ऑफ सीजन सेलमें ग्राहकों को मिलेगा हर दिन नए ट्रेंड्स का खास अनुभव, जिसमें रोज नए फैशन ट्रेंड्स की शुरूआत सिर्फ 99 से होगी जिससे भारत के खरीदार अपनी वार्डरोब और घर को बिना जेब पर बोझ डाले रिफ्रेश कर सकेंगे।

## फंदे से लटककर महिला ने दी जान

**दनियावां/संवाददाता।** शुक्रवार की देर रात दनियावां थाना क्षेत्र के निमी गांव में एक तीस वर्षीय महिला ने फंदे से झुलकर खुदकुशी कर ली। निमी गांव के ही रहनेवाले दीपक चौधरी की पत्नी पूजा देवी है। मृत महिला का पति प्रदेश में कमाने गया हुआ है। घड़बपर दो छोटे छोटे बच्चों के साथ रहती थी महिला ने यह कदम क्यों उठाया यह कारण स्पष्ट नहीं हो पाया है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंच कर शव की कब्जे में ले कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थानाध्यक्ष अनिल प्रसाद ने बताया कि फिलवक्त परिजन अभी कोई लिखित शिकायत दर्ज नहीं कराया है। शिकायत दर्ज होते ही आगे की कार्रवाई की जायेगी।

## महिला सिपाही की हत्या

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** परसा बाजार थाना क्षेत्र के यादव चक गांव में किराये के मकान में रह रही महिला सिपाही कनक प्रिया की पीट-पीटकर हत्या कर दी गयी। वारदात को अंजाम देने वाला कोई और नहीं बल्कि उसका खुद का पति प्रभात रंजन है, जो खुद भी बिहार पुलिस में सिपाही है और पटेल भवन हंड्रेड डायल यूनिट में तैनात है। सिपाही प्रभात रंजन ने पहले इस हत्या को आत्महत्या का रूप देने की कोशिश की, लेकिन जब वह पत्नी की डेड बॉडी को एंबुलेंस में रखकर ठिकाने लगाने ले जा रहा था, तभी महिला सिपाही की बहन मीनाक्षी की सूचना पर परसा बाजार थाने की पुलिस ने बीच रास्ते में उसे पकड़ लिया और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस हत्याकांड में सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब मृत महिला सिपाही कनेक्ट प्रिया के परिजन गया डोभी से पटना पहुंचे।

## हिंदी राजभाषा कार्यशाला व विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम का आयोजन



**पटना/संवाददाता।** केन्द्रीय भूमि जल, मध्य पूर्वी-क्षेत्र, पटना में क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला की अध्यक्षता में हिंदी राजभाषा कार्यशाला एवं विश्व पर्यावरण दिवस कार्यक्रम शुक्रवार को आयोजित किया गया। क्षेत्रीय निदेशक राजीव रंजन शुक्ला ने मिशन लाइफ के तहत विश्व पर्यावरण कार्यक्रम (22 मई से 5 जून 2025) के अवसर पर वैश्विक स्तर पर प्लास्टिक प्रदूषण के दुष्प्रभाव एवं रोकथाम पर चर्चा की तथा उन्होंने राजभाषा के प्रचार-प्रसार पर भी बल दिया। इस कार्यशाला में शाल्मली सिंह, वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी, कार्यालय प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त बिहार एवं झारखंड, पटना द्वारा मसौदा लेखन, टिप्पणी और सामान्य कार्यालय पत्राचार पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया। इस कार्यशाला में केन्द्रीय भूमि जल, मध्य-पूर्वी क्षेत्र, पटना के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों के अतिरिक्त भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण एवं पटना, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग के अधिकारियों व कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के अंत मे प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गयी। कार्यक्रम का संचालन रितिक दास ने किया। डॉ. सोमवीर सिंह, वैज्ञानिक-ग के धन्यवाद ज्ञापन के साथ कार्यशाला का समापन हुआ।

# पीयू के दीक्षांत समारोह में 40 टॉपर को मिले गोल्ड मेडल

### 25 विषयों में लड़कियों ने किया टॉप स्थान हासिल







**पटना/का.सं।** पटना यूनिवर्सिटी के दीक्षांत समारोह का आयोजन शनिवार को पटना वीमेंस कॉलेज के वेरोनिका ऑडिटोरियम में हुआ। इस मौके पर पीयू के सत्र 2022-24 पीजी के छात्रों को डिग्री दी गई। वहीं, 40 टॉपर विद्यार्थियों को गोल्ड मेडल से सम्मानित किया गया। इसमें 25 विषयों में लड़कियों ने टॉप स्थान हासिल किया था। इस मौके पर सभी विद्यार्थी पारंपरिक पोशाक में मौजूद रहे। इस दीक्षांत समारोह में मुख्य अतिथि के तौर पर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान मौजूद रहें। दीक्षांत समारोह को लेकर यूनिवर्सिटी की ओर से विद्यार्थियों के लिए निर्देश जारी किया गया था। सुबह 7:30 बजे सभी को एंट्री दी जा रही थी। सुबह 8:30 बजे के बाद किसी को भी हॉल में एंट्री नहीं मिली। ह्यूमैनिटीज विषयों में संतोष कुमार ने हिंदी, प्राची पंकज ने अंग्रेजी, रितु कश्यप ने संस्कृत, अविनाश कुमार मंडल ने मैथिली, फुलतारा बर्मन ने बांगाली, मोहम्मद कबातुल्लाह ने अरबी, मोहम्मद इरफान ने उर्दू, बुशरा इमाम ने दर्शनशास्त्र, वंदना कुमारी ने संगीत और प्रिंसमिता रे ने पत्रकारिता में टॉप कर गोल्ड मेडल हासिल किया। वहीं, विज्ञान में अमीषा ने फिजिक्स, कुमारी निशा ने केमिस्ट्री, शिवानी रानी ने जूलॉजी, शताक्षी प्रखर ने बॉटनी, राहुल कुमार ने जियोलॉजी, रितिक कुमार ने गणित, प्रत्यूष प्रियदर्शी ने स्टैटिस्टिक्स, प्रिया रंजन ने बायोकेमेस्ट्री, रवि यादव ने बायोटेक्नोलॉजी, मृणाल राज ने पर्यावरण विज्ञान और सलोनी कुमारी ने एमसीए में गोल्ड मेडल प्राप्त किया। सामाजिक विज्ञान विषयों में काजल कुमारी ने इतिहास, आयुष रंजन ने राजनीति विज्ञान, अनीता कुमारी ने गृह विज्ञान, सुष्मिता भारद्वाज ने प्राचीन भारतीय इतिहास एवं पुरातत्व, सदाफ नेशार ने समाजशास्त्र, शिल्पी कुमारी ने अर्थशास्त्र, प्रज्ञा श्री ने भूगोल, मोहम्मद अमजद आलम ने ग्रामीण अध्ययन, नीलम कुमारी ने सामाजिक कार्य, फातमा नाज ने महिला अध्ययन, संदीप कुमार ने पुस्तकालय एवं सूचना विज्ञान में टॉप किया, जबकि प्रिया ठाकुर और अंजलि चौधरी ने मनोविज्ञान में संयुक्त रूप से टॉप कर गोल्ड मेडल से सम्मानित हुई।

## मिनी गन फैक्ट्री व अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का खुलासा

### उत्पाद विभाग की टीम ने मिनी गन फैक्ट्री चलानेवाले एक आरोपी को किया गिरफ्तार

### कट्टा और कारतूस बरामद



**हाजीपुर/संवाददाता।** जिले के रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर दियारा में गुप्त सूचना के आधार पर पटना उत्पाद विभाग की टीम ने छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री एवं अवैध अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री का पर्दाफाश किया। मौके से मिनी गन फैक्ट्री चलाने वाला एक व्यक्ति को भी गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार व्यक्ति नालंदा जिले के चिकसौरा बाजार निवासी राधे साह का पुत्र सुरेश कुमार बताया गया है। टीम ने मौके से देसी कट्टा, हथियार बनानेवाला उपकरण, कैरामल कैमिकल, अंग्रेजी शराब का ढक्कन, खाली प्लास्टिक डब्बा, रेपर आदि बरामद किया है। जानकारी के अनुसार आयुक्त उत्पाद रजनीश कुमार सिंह को गुप्त सूचना मिली कि रुस्तमपुर थाना क्षेत्र के पुरुषोत्तमपुर दियारा में अवैध रूप से मिनी गन फैक्ट्री एवं अंग्रेजी शराब की फैक्ट्री संचालित कि जा रही है। गुप्त सूचना के आधार पर संजय कुमार उपायुक्त मद्य निषेध की टीम के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। आयुक्त उत्पाद रजनीश कुमार सिंह को प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर मुख्यालय, बिहार, पटना की टीम ने पुरुषोतमपुर दियारा क्षेत्र, थाना रूस्तमपुर वैशाली में छापेमारी कर काफी मात्रा में अंग्रेजी शराब बनाने का सामान, रसायन आदि के साथ चार अवैध तैयार देसी कट्टा के साथ अवैध हथियार बनाने का सामान बरामद किया है। इस मौके पर भारी संख्या में देसी चुलायी शराब की भट्ठी को भी ध्वस्त किया है।

## बिहार बोर्ड कंपार्टमेंट और विशेष परीक्षा का रिजल्ट जारी



**पटना/का.सं।** पटना में शनिवार को इंटरमीडिएट की विशेष परीक्षा और कंपार्टमेंट एग्जाम का रिजल्ट जारी हुआ है। विशेष परीक्षा में 55.31 प्रतिशत स्टूडेंट्स पास हुए हैं। वहीं, कंपार्टमेंट एग्जाम का 61 प्रतिशत रिजल्ट आया है। विशेष परीक्षा में 6624 विद्यार्थी शामिल हुए थे, जिसमें 3664 विद्यार्थी पास हुए। वहीं, कंपार्टमेंट एग्जाम में 45 हजार 524 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी जिसमें 27829 पास हुए हैं। साथ ही, मैट्रिक की भी कंपार्टमेंटल और विशेष परीक्षा के रिजल्ट की घोषणा हुई है। कंपार्टमेंटल में 52552 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी थी, जिसमें 17309 पास हुए हैं। वहीं, 8830 विद्यार्थियों ने विशेष परीक्षा दी थी जिसमें 4609 स्टूडेंट्स पास हुए। बिहार बोर्ड की परीक्षा का एक वार्षिक चक्र 31 मई तक पूरा कर लिया गया है। अब विद्यार्थी किसी भी संस्थान में आगे पढ़ाई कर सकते है। उन्हें देर नहीं होगी। वहीं, इन दोनों रिजल्ट में अगर कोई स्टूडेंट खुश नहीं है तो वह 2 जून से 6 जून तक स्क्रूटनी के लिए आवेदन कर सकता है, जिसके लिए कल पोर्टल खोला जाएगा।

## तंबाकू के धुएं में सात हजार से अधिक रसायन, उनमें 69 कैंसर के कारक : वैद्य दिनेश्वर

**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** प्रत्येक वर्ष 31 मई को विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया जाता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार हर साल पूरी दुनिया में तकरीबन 80 लाख से ज्यादा मौत तंबाकू के सेवन से होती हैं जबकि भारत में हर साल दस लाख से अधिक लोग तंबाकू से जुड़ी बीमारियों के कारण मरते हैं। उक्त बातें पटना स्थित राजकीय आयुर्वेदिक अस्पताल के पूर्व प्राचार्य वैद्य प्रोफेसर दिनेश्वर प्रसाद ने कैंसर जागरूकता कार्यक्रम के दौरान कही। डॉ प्रसाद ने कहा कि तंबाकू के धुएं में 7,000 से ज्यादा रसायन होते हैं, जिनमें 69 से अधिक कैंसर कारक तत्व पाए जाते हैं। तंबाकू किसी भी रूप में 'चाहे सिगरेट हो या गुटखा' जहर की तरह काम करता है। इससे न केवल शरीर का हर हिस्सा प्रभावित होता है, बल्कि परिवार और समाज भी किसी न किसी रुप में प्रभावित होता है। तम्बाकू सेवन से सबसे बड़ा खतरा फेफड़ा, मुंह, गल्ला, जबड़ा इत्यादि का कैंसर के साथ साथ हृदरोग, ब्रांकाइटिस, दमा, हाई ब्लडप्रेशर, नपुंसकता एवं प्रजनन क्षमता में कमी जैसी बीमारियों के होने का डर बना रहता है।

## बिहार पुलिस में एक गांव के तीन चयनित युवकों को मिला सम्मान

**फुलवारीशरीफ/संवाददाता।** पटना जिले के चामुचक गांव में उस समय गर्व का माहौल बन गया जब बिहार पुलिस में चयनित एक ही गांव के तीन युवकों को सम्मानित किया गया। आईपीएस अधिकारी राजीव रंजन ने तीनों युवाओं को पुलिस वर्दी, अंगवस्त्र और फूल-मालाओं से सम्मानित किया। इस अवसर पर गांव में जश्न का माहौल देखने को मिला और ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अधिवक्ता एवं सामाजिक कार्यकर्ता राज कुमार ने की, जो प्रगतिशील शिक्षा केंद्र चामुचक के व्यवस्थापक हैं।

# 'गर्भसमापन जितना जल्दी, उतना ही है सुरक्षित'

### गर्भपात कब, कहां और क्यों कराएं



**पटना/कार्यालय प्रतिनिधि।** महिलाएं सृजनकार्ता होती हैं। बच्चों को जन्म देना या नहीं देना उनकी स्वेच्छा है। जबरन उन्हे बच्चा जन्म देने या गर्भपात कराने के लिए दबाव नहीं बना सकते हैं। यह महिलाओं को कानूनी अधिकार प्राप्त है। लेकिन स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से गर्भपात कब, कहां और क्यों कराएं इसका ख्याल रखना जरुरी है। इसे लेकर आईपास डेवलपमेंट फाउंडेशन द्वारा औलिया आध्यात्मिक अनुसंधान केंद्र औलिया दरबार, पाउनी, हसनपुर, वैशाली के सहयोग से तथा समता ग्राम सेवा संस्थान के द्वारा एक दिवसीय मीडिया उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला में 'एमटीपी एक्ट' पर विस्तृत चर्चा हुई। कार्यशाला को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि गर्भधारण के साढ़े चार महीने के भतीर, प्रशिक्षित डॉक्टर, केवल सरकारी एवं सरकार द्वारा मान्यताप्राप्त निजी अस्पताल में गर्भपात कराना चाहिए। पति-पत्नी द्वारा उपयोग किये गये गर्भनिरोधक साधनों के विफल हो जाने पर, जबरन संभोग द्वारा गर्भ ठहरने पर, होने वाले शिशु में गंभीर जन्मजात विकृति होने की संभावना पर एवं गर्भवती महिला के मानसिक, शारीरिक स्वास्थ्य को गंभीर क्षति की संभावना व जान को खतरा होने पर कराना चाहिए। गर्भसमापन जितना जल्दी उतना ही सुरक्षित है। जब गर्भ साढ़े चार माह से अधिक समय का हो, लिंग जांच इसका आधार हो यही सही नहीं माना गया है।

## पढ़ाई के साथ खेलकूद में भी नाम ऊंचा करें बच्चे : डीएम



**हाजीपुर/संवाददाता।** बच्चे देश के भविष्य है। सभी बच्चों में कही न कही प्रतिभा छिपी रहती है। जरूरत है उसे निखारने की, उक्त बाते जेपी सिन्हा स्टेडियम भगवानपुरत्ती में स्वतंत्रता सेनानी स्व. राधारमन प्रसाद स्मृति कप का फाइनल मुकाबला में वैशाली डीएम यशपाल मीणा ने खिलाड़ियों से परिचय करने के पश्चात कही। उन्होंने बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप लोग भी खेल में अच्छा करें और वैभव सूर्यवंशी की तरह अपने जिले के साथ-साथ राज्य और देश का नाम रौशन करें। उन्होंने बच्चों को स्मार्ट मोबाइल के गुण दोष को बताते हुए मोबाइल का उपयोग कुछ अच्छी चीजे सिखने के लिए करने की नसीहत दी। साथ ही, अपने माता पिता एवं अपने से बड़ो का सम्मान करने की भी नसीहत दी। डीएम ने कहा कि वैशाली एक ऐतिहासिक और पर्यटक स्थल है। इसके विकास की काफी संभावना है। बुद्ध सम्यक दर्शन संग्रहालय का निर्माण लगभग पूरा हो चुका है। वहीं भारतमाला परियोजना के तहत बननेवाली सड़क का निर्माण कार्य जारी है। उन्होंने स्टेडियम को जोड़नेवाली सड़क एवं स्टेडियम के चौमुखी विकास को ले प्रशासनिक स्तर पर हर संभव सहायता दिलाने का आश्वाशन दिया। वहीं डीएम को स्वतंत्रता सेनानी स्व. राधा रमन प्रसाद के पुत्र डॉ. नरेन्द्र प्रसाद ने अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। वहीं डीएम ने भी डॉ. नरेंद्र प्रसाद को अंगवस्त्र एवं बौद्ध स्मृति स्तूप का प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। साथ ही, मौके पर उपस्थित जिला सूचना जन सम्पर्क पदाधिकारी नीरज को भी अंग वस्त्र देकर कुंदन कुमार द्वारा सम्मानित किया गया।

## प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के रोकथाम की जरूरत : नीरज नारायण





**पटना/संवाददाता।** बिहार राज्य प्रदूषण नियंत्रण पर्षद् द्वारा शनिवार को एकल उपयोग प्लास्टिक के प्रतिबंध को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए एक कार्यशाला का आयोजन पर्षद् के मुख्यालय स्थित सभागार में आयोजित किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन करते हुए सदस्य सचिव नीरज नारायण ने प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक को पर्यावरण के लिए हानिकारक बताया एवं इसकी रोकथाम के लिए प्रत्येक हितधारकों द्वारा अपने कर्तव्यों के प्रति सजग रहते हुए प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक के विनिर्माण, आयात, भण्डारण, परिवहन, वितरण, बिक्री एवं उपयोग को पूरे बिहार से समाप्त करने का संकल्प लेना होगा। बैठक का संचालन करते हुए वैज्ञानिक सलाहकार एसएन जायसवाल ने अपने संबोधन में एकल उपयोग प्लास्टिक के विकल्पों के बारे में जानकारी दी।

## प्रथम स्तरीय ईवीएम व वीवीपैट जांच प्रारंभ

**हाजीपुर/संवाददाता।** बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 की तैयारियों के क्रम में शनिवार को हाजीपुर के हरिवंशपुर स्थित वेयरहाउस में इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन एवं वीवीपैट की प्रथम स्तरीय जांच का कार्य विधिवत रूप से प्रारंभ किया गया। इस प्रक्रिया में सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में ईवीएम व वीवीपैट की तकनीकी जांच की गयी तथा जांच की पूरी प्रक्रिया की निगरानी की गयी, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके।



### खोया पाया

मैं कुलदीप सहाय, एक अधिवक्ता, जिसका कार्यालय बी.6, 11, 12 ट्विन टावर, गांधी मैदान के दक्षिण,पटना.800001 में स्थित है, के माध्यम से यह सूचित करता हूँ कि मेरे मुवक्किल श्री विकास कुमार सिंह ने जो संपत्ति खरीदी है, वह मौजा. पहाड़ी (NH के दक्षिण एवं पटना मसौढ़ी रोड के पूर्व), परगना अजीमाबाद, सर्वे थाना पटना सिटी, वर्तमान थाना अगमकुआं, तौजी संख्या 227, थाना संख्या.14, खाता संख्या 59, कैडस्ट्रल सर्वे प्लॉट संख्या 706 (आंशिक) निबंधन कार्यालय पटना सिटी, जिला पटना में स्थित है, जिसका क्षेत्रफल 3180 वर्ग फीट अथवा 7.3002 डिसमिल है, जिसे पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 3726 दिनांक 16.08.2024 के माध्यम से प्राप्त किया गया है। उन्होंने उक्त संपत्ति से संबंधित श्रृंखलाबद्ध विलेख संख्या 3820 दिनांक 07.05.2014, जो कृष्ण कुमार सिन्हा के नाम पर समान क्षेत्रफल के साथ है, की मूल प्रति खो दी है। उन्होंने उक्त संपत्ति पर एचडीएफसी बैंक में ऋण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी को यह दस्तावेज मिले या उक्त संपत्ति पर कोई दावा होए तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन के 14 दिनों के भीतर मुझसे मेरे पते या मोबाइल नंबर 9546702857 पर संपर्क करें।

### खोया पाया

मैं, कुलदीप सहाय, एक अधिवक्ता,जिसका कार्यालय बी 6,11, 12 ट्विन टावर, गांधी मैदान के दक्षिण, पटना 800001 में स्थित है, के माध्यम से यह सूचित करता हूँ कि मेरी मुवक्किल रंजू देवी एवं दिनोज भगत की संपत्तिए जो मौजा फतेहपुर, थाना संख्या 244, अंचल कार्यालय कसबा, निबंधन कार्यालय पूर्णिया, तौजी संख्या 8/5, खाता संख्या 137, खेसरा संख्या 468, जिला. पूर्णिया, भूमि क्षेत्रफल 15.500 डिसमिल, जो पंजीकृत बिक्री विलेख संख्या 17555 दिनांक 17.03.2022 के माध्यम से प्राप्त है, से संबंधित एक श्रृंखलाबद्ध विलेख संख्या 195 दिनांक 06.01.2014, जो विश्वनाथ प्रसाद बर्नवाल, इंद्रजीत कुमार बर्नवाल एवं विश्वजीत कुमार बर्नवाल के नाम पर 7.75 डिसमिल भूमि से संबंधित है, की मूल प्रति गुम हो गई है। उन्होंने उक्त संपत्ति पर एचडीएफसी बैंक में ऋण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी को यह दस्तावेज मिले या उक्त संपत्ति पर कोई दावा होए तो कृपया इस सूचना के प्रकाशन के 14 दिनों के भीतर मुझसे मेरे पते या मोबाइल नंबर 9546702857 पर संपर्क करें।

### भुगतान रसीद बुक के खो जाने के बारे में सार्वजनिक सूचना

आम जनता के ध्यान में यह लाया जाता है कि एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड से संबंधित अनुलग्नक ए में उल्लिखित मूल भुगतान रसीदें खो गई हैं/गलत जगह पर रख दी गई हैं और उनका पता नहीं लगाया जा सकता है। यदि किसी व्यक्ति को यह मिल जाए, तो उससे अनुरोध है कि वह तुरंत नीचे दिए गए पते पर बैंक को रसीदें लौटा दे। इसके अलावा, कोई भी व्यक्ति इन रसीदों से कोई लेन-देन नहीं करेगा और एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड किसी भी तरह से इन रसीदों के किसी भी तरह के दुरुपयोग के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

**पता: एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड, पहली मंजिल, 261 वार्ड 38, दुर्गा चौक, जावा शोरूम के पीछे, छोटा बरियारपुर, मोतिहारी, बिहार-845401।**

परिशिष्ट-ए

| खोई हुई तारीख | खोया हुआ स्थान | रसीद बुक संख्या | रसीद संख्या |
|---|---|---|---|
| 28-मई-25 | मोतीहारी,बिआर | 100853 | 2521320 - 2521325 |

**कुंदन मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड**
जिसे पहले ईस्टर्न शुगर एंड इंडस्ट्रीज लिमिटेड के नाम से जाना जाता था
**मोतिहारी, पी.एस. - मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, बिहार-845401**
**CIN:L24205BR1964PLC006630, ई-मल: info@easternsugar.in, वेबसाइट: www.easternsugar.in**

**31 मार्च,2025 को बर्ष और तिमाही समाप्त के लिए लेखा परीक्षित समेकित वित्तीय परिणामों का सार**

(ईपिएस को छोड़कर लाख ₹ मे)

| विवरण | तिमाहि समाप्त | | | वर्ष समाप्त | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 31-Mar-25 | 31-Dec-24 | 31-Mar-24 | 31-Mar-25 | 31-Mar-24 |
| | लेखा परीक्षित | अलेखापरीक्षित | लेखा परीक्षित | लेखा परीक्षित | लेखा परीक्षित |
| परिचालन से कुल आय | 2,67,907.29 | 1,55,014.35 | 116.58 | 4,27,743.93 | 116.10 |
| शुद्ध लाभ (हानि) (कर से पहले, आपवादिक और/या असाधारण मदें) | 8,201.80 | 7,266.93 | (19.13) | 15,241.61 | (26.17) |
| शुद्ध लाभ /(हानि) कर से पहले (आपवादिक और/या असाधारण मदें के बाद) | 8,201.14 | 7,264.31 | (5,285.79) | 15,237.25 | (5,292.83) |
| शुद्ध लाभ/(हानि) कर के बाद, (आपवादिक और/या असाधारण मदें) | 6,042.67 | 6,979.07 | (5,285.79) | 12,793.54 | (5,292.83) |
| कुल व्यापक आय [अवधि के लिए लाभ/(हानि) कर के बाद और कर के बाद अन्य व्यापक आय ) | 6,043.31 | 6,979.07 | (5,285.79) | 12,794.18 | (5,292.83) |
| इक्विटी शेयर पूंजी | 604.84 | 604.84 | 604.84 | 604.84 | 604.84 |
| आरक्षित निधि (पुनर्मूल्यांकन आरक्षित निधि को छोड़कर) | | | | 12,346.93 | (447.24) |
| शेयर प्रति आय (₹ में) मूल | 9.99 | 11.54 | (8.74) | 21.15 | (8.75) |
| पतला | 9.99 | 11.54 | (8.74) | 21.15 | (8.75) |

**नोटस्**

1. समूह के पास केवल एक व्यवसाय खंड है जिसका नाम "कीमती धातुएँ और संबंधित उत्पाद" है। इसलिए, कोई अतिरिक्त खुलासा नहीं किया गया है।
2. उपरोक्त परिणामों की समीक्षा लेखाप्रीक्षा समिति द्वारा की गई और 30 मई 2025 को आयोजित निदेशक मंडल की बैठक में अनुमोदित किया गया और कंपनी के सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा लेखापरीक्षित किया गया।
3. 31 मार्च 2025 और 31 मार्च 2024 को समाप्त तिमाही के आंकड़े पूरे वित्तीय वर्ष के लेखापरीक्षित आंकड़ों और 31 दिसंबर 2024 और 31 दिसंबर 2023 को समाप्त नौ महीनों तक के अलेखापरीक्षित आंकड़ों के बीच संतुलन के आंकड़े हैं, जिन्हें सांविधिक लेखा परीक्षकों द्वारा सीमित समीक्षा के अधीन किया गया था।
4. ये वित्तीय परिणाम कंपनी अधिनियम, 2013 की धारा 133 के तहत निर्धारित भारतीय लेखा मानक (इंड एएस) के अनुसार प्रासंगिक नियमों के साथ और सेबी (सूचीबद्धता दायित्व और प्रकटीकरण आवश्यकताएँ) विनियम, 2015 (संशोधित) के विनियम 33 के अनुसार तैयार किए गए हैं।
5. परिणाम स्टॉक एक्सचेंज की वेबसाइट (www.bssindia.com और www.nseindia.com) और कंपनी की वेबसाइट https://www.kundanmineralsandmetals.com पर उपलब्ध हैं।
6. "चालू तिमाही के दौरान समूह ने 22 जनवरी 2025 के शेयर खरीद समझौते के माध्यम से कुंदन रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड से कुंदन कंसंट्रेट प्राइवेट लिमिटेड में 3,109.04 लाख रुपये में 100% का नियंत्रक हित हासिल किया। चूंकि कुंदन रिफाइनरी प्राइवेट लिमिटेड सामान्य नियंत्रण में है, इसलिए अधिग्रहण 4 अक्टूबर 2023 से प्रभावी है, जिस तारीख को समूह ने होल्डिंग कंपनी का नियंत्रण प्राप्त किया था और इसे उस तारीख से प्रभावी किया गया था, यानी 4 अक्टूबर 2023 के कारोबारी घंटे बंद हो गए हैं।
7. 22 जनवरी 2025 को समूह ने पूरी तरह से पतला आधार पर कुंदन गोल्ड माइंस प्राइवेट लिमिटेड में 0.49 लाख रुपये में 49% हिस्सेदारी हासिल कर ली है। 31 मार्च 2025 तक, कुंदन गोल्ड माइंस प्राइवेट लिमिटेड में निवेश को इंड एएस 28-सहयोगियों और संयुक्त उद्यमों में निवेश के अनुसार सहयोगी में निवेश के रूप में गिना जाता है।
8. तिमाही में, समूह ने दुबई, संयुक्त अरब अमीरात में कुंदन वेंचर FZCO नामक एक विदेशी सहायक कंपनी की स्थापना की, और 07 फरवरी 2025 को निगमन का प्रमाण पत्र प्राप्त किया। रिपोर्टिंग तिथि के अनुसार, सदस्यता निधि अभी तक सहायक कंपनी को नहीं भेजी गई है। चूंकि समूह ने लंबित भुगतान के कारण कुंदन वेंचुरा FZCO में अभी तक शेयर हासिल नहीं किए हैं, इसलिए कुंदन वेंचर FZCO के वित्तीय परिणामों को इन समेकित वित्तीय विवरणों में शामिल नहीं किया गया है।
9. जहाँ भी आवश्यक समझा गया है, आँकड़ों को फिर से समूहीकृत/पुनर्व्यवस्थित किया गया है।

**कुंदन मिनरल्स एंड मेटल्स लिमिटेड के लिए**
**दीपक गुप्ता**
**अध्यक्ष/निदेशक**
DIN: 06643918

**दिनांक : 31-05-2025**
**स्थान : दिल्ली**

# Govt misled nation must hold special Parl session: Kharge after CDS' Operation Sindoor remark

**NEW DELHI :** Congress president Mallikarjun Kharge on Saturday accused the government of misleading the nation on the India-Pakistan conflict and demanded holding a special session of Parliament immediately, following Chief of Defence Staff Gen Anil Chauhan's acknowledgement of aircraft loss in the hostilities.

Gen Chouhan, however, dismissed as "absolutely incorrect" Islamabad's claim of downing six Indian jets.

In a post on X, Kharge said his party demands a comprehensive review of India's defence preparedness by an independent expert committee, on the lines of the survey done by the Kargil Review Committee.

"In the wake of the remarks made by the Chief of Defence Staff (CDS) in Singapore in an interview, there are some very important questions that need to be asked. These can only be done if a special session of the Parliament is immediately convened," he said.

"The Modi Government has misled the nation. The fog of war is now clearing."

The Congress chief said the IAF pilots risked their lives fighting the enemy, and "suffered some losses but our pilots were safe".

He was referring to Gen Chauhan's interview in which the CDS said that "we made, remedy it, rectify it, and then implement it again after two days and flew all our jets again, targeting at long range".

The Congress president said his party salutes their resolute courage and bravery. However, a comprehensive strategic review is the need of the hour, he asserted.

"The Congress party demands a Comprehensive Review of our Defence Preparedness by an independent expert committee, on the lines of the Kargil Review Committee," he said.

Citing Donald Trump's statements, Kharge said the US president has again



repeated his claim about "brokering a ceasefire".

"This is a direct affront to the Shimla Agreement. Instead of clarifying Mr Trump's repeated assertions, and the affidavit filed by the US Secretary of Commerce in the United States Court of International Trade, PM Modi is on an election blitz, taking personal credit for the valour of our Armed Forces, hiding behind their bravery and dodging the contours of the agreed ceasefire, which the Foreign Secretary announced on May 10, after Trump's tweet," Kharge noted in his post.

"Is India and Pakistan now again hyphenated? What are the conditions of the ceasefire agreement? The 140 crore patriotic Indians deserve to know this," the Congress chief asserted.

In a separate post on X, Congress general secretary Jairam Ramesh also asked, "It is an extraordinary and telling commentary on Emergency@11 that the PM will not chair all-party meetings and will not take Parliament into confidence but the nation gets to know of the first phase of Operation Sindoor through the CDS's interview in Singapore."

"Couldn't opposition leaders have been taken into confidence by the PM earlier?" he asked.

Gen Chauhan, in the interview, asserted it is more important to find out why the aircraft were lost so that the Indian military could improve tactics and hit back again.

"I think what is important is not the jet being downed but why they were being downed," he said.

The CDS was asked whether India lost combat jets during the four-day military clashes with Pakistan earlier this month.

"The good part is that we were able to understand the tactical mistakes which we made; remedied, rectified and then implemented it again after two days. We flew all our jets again targeting at long range," he said.

"Absolutely incorrect," Gen Chauhan said when asked about Pakistan's claim of shooting down six Indian jets during Operation Sindoor. Previously, Indian Air Force's Director General of Air Operations, Air Marshall AK Bharti, acknowledged that "losses are a part of combat" and said all IAF pilots returned home safely.

Air Marshall Bharti made the remarks at a media briefing on May 11 when asked about Indi'a aircraft losses during Operation Sindoor.

# 5 years of PM SVANidhi scheme: 4.79 lakh street vendors in Gujarat become self-reliant

**GANDHINAGAR :** Prime Minister Narendra Modi's PM SVANidhi Scheme has proven to be a boon for street vendors and small businesses across the country, improving their livelihoods and living standards, said a press statement from Gujarat on Saturday.

